चमड़ा उद्योग के लिए भी पीएलआई संभव

नई दिल्ली। सरकार चमड़ा उद्योग के समर्थन के लिए कई सारी पहल पर काम कर रही है। उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) के एक अधिकारी ने बताया, वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय उद्योग के विकास को बढ़ावा देने के लिए योजना बना रहा है।

इस योजना से सेक्टर को मजबूती मिलेगी और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने में यह सक्षम होगा।

एमआईपी को कर सकते हैं लागू

ठाकुर के मुताबिक, इस उद्योग से जुड़े आयात पर भी हम निगरानी रख रहे हैं। साथ ही न्यूनतम आयात मूल्य (एमआईपी) को लागू करने पर भी विचार हो सकता है। जो भी सलाह है, उनको गंभीरता से लेने की जरूरत है। जितनी भी पहल इस उद्योग के लिए है उन सभी पर विचार किया जा रहा है।

डीपीआईआईटी के अतिरिक्त सचिव राजीव सिंह ठाकुर ने बताया कि सारी पहल अभी चर्चा के ही चरण में हैं। उत्पादन से जुड़ी योजना (पीएलआई) को लेकर कहा, यह सभी बातें शुरुआती चरण में हैं और इस पर बाद में ही कुछ फैसला हो सकता है। हम कुछ और पहल को लाने के लिए कोशिश कर रहे हैं जो हमारी योजना में हैं। एजेंसी